SANSKRITI IAS

sanskritiias.com/hindi/pt-cards/pm-daksh-portal-and-mobile-app

- केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय ने राष्ट्रीय ई-अभिशासन प्रभाग के सहयोग से विकसित 'पी.एम.- दक्ष' पोर्टल तथा मोबाइल ऐप का शुभारंभ किया है। इस पोर्टल के माध्यम से अब **कोई भी लाभार्थी अपने आस-पास चल रहे कौशल विकास प्रशिक्षण के संबंध में सूचना प्राप्त करके स्वयं को प्रशिक्षण के लिये पंजीकृत** कर सकता है।
- इसका उद्देश्य लक्षित समूहों जैसे अनुसूचित जातियों, पिछड़े वर्गों तथा सफाई कर्मचारियों के लिये कौशल विकास योजनाओं को सुलभ बनाना तथा उनके कौशल विकास से संबंधित सभी सूचनाओं को एक ही स्थान पर उपलब्ध कराना है।
- सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री दक्षता एवं कुशलता संपन्न हितग्राही (The Pradhan Mantri Dakshta Aur Kushalta Sampann Hitgrahi : PM-DAKSH) योजना वर्ष 2020-21 से चलाई जा रही है। इस योजना के तहत पात्र लक्षित समूह को अप-स्किलिंग/री-स्किलिंग, अल्पकालिक प्रशिक्षण कार्यक्रम, दीर्घकालिक प्रशिक्षण कार्यक्रम, उद्यमिता विकास कार्यक्रम आदि के माध्यम से कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम उपलब्ध कराए जा रहे हैं।
- इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों को सरकारी प्रशिक्षण संस्थानों, कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय द्वारा गठित क्षेत्रीय कौशल परिषदों तथा अन्य प्रामाणिक संस्थानों के माध्यम से कार्यान्वित किया जा रहा है।

X X